हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 10 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 गौरव पथ जर्जर राहगीर परेशान



## खबर संक्षेप

### बतौली में व्यवसायी के ठिकानों पर सीजीएसटी का छापा

**अंबिकापुर**। शुक्रवार को जिले के बतौली में सेंट्रल जीएसटी की टीम ने दबिश दी है। टीम ने छड गिट्टी सीमेंट व्यवसायी के यहां छापा मारा है। इस कार्रवाई से व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है। हालांकि जांच में किया कुछ गड़बड़ी सामने आई इसका पता नहीं चल सका है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की अल सुबह सेंट्रल जीएसटी की टीम ने बतौली निवासी राहुल मित्तल के फर्म राहुल वर्कशॉप में छापा मारा है। जीएसटी की टीम रायगढ़ से पहुंची थी और मामले व्यवसायी के लेनदेन की जांच कर रही है। व्यवसायी छड़, सीमेंट, गिट्टी के बड़े कारोबारी है। इस छापेमार कार्रवाई से व्यापारियों में दिनभर हड़कंप मचा रहा। जीएसटी की जांच समाचार लिखे जाने तक जारी थी इस लिए फिलहाल जांच में क्या गड़बड़ी मिली इसका पता नहीं चल सका है।

### अवैध धान परिवहन के मामले में वाहन स्वामियों के विरूद्ध एफआईआर

**अम्बिकापुर**। सहकारी समितियों में खपाने के उद्देश्य से यूपी का अवैध धान परिवहन करने के मामले में प्रशासन ने जब्त ट्रक चालक व मालिक के विरूद्ध अपराधिक मामला पंजीबद्ध कराया है। वाड्रफनगर एसडीएम नीरनिधि नंदेहा ने बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईसी 9169 द्वारा समितियों में खपाने के उद्देश्य से अवैध धान परिवहन किया जा रहा था। ट्रक चालक 5 जनवरी को रात्रि 10.30 बजे ग्राम पंडरी केनापारा चेक पोस्ट पर पहुंचा था। चेकपोस्ट पर तैनात कर्मचारियों ने रोका लेकिन चालक तेज रफ्तार से ट्रक लेकर वाड्रफनगर की ओर फरार हो गया। कर्मचारियों द्वारा ट्रक का पीछा करने पर क्रेटा कार क्रमांक सीजी 15 डीआर 2414 में सवार एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा धमकाया गया। संयुक्त टीम ने ट्रक का पीछा किया तो ट्रक पेंडारी में खड़ा पाया। ट्रक में 750 बोरी अवैध धान लोड मिला। अवैध धान लोड ट्रक अम्बिकापुर निवासी राहुल गर्ग पिता अशोक गर्ग वही क्रेटा कार सूरजपुर निवासी नारायण अग्रवाल पिता रोशन लाल अग्रवाल के नाम से पंजीकृत है। दोनों वाहन मालिकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### धान खरीदी में लापरवाही पर गेरसा प्रभारी हटाए गए

अंबिकापुर। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित गेरसा में कलेक्टर अजीत वसंत ने 7 जनवरी को आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान विपणन संघ के नए बोरे में भरे हुए धान के नाप-तौल के समय गंभीर अनियमितता पाई गई। फड़ प्रभारी की लापरवाही के कारण एक बोरे में 35.600 किलोग्राम धान पाया गया, जो निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं था जिसके बाद कलेक्टर द्वारा धान खरीदी प्रभारी को हटाए जाने के निर्देश दिए गए थे। अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए समिति द्वारा तत्काल प्रभाव से धान खरीदी कार्य से धान खरीदी प्रभारी सुमित गुप्ता को पृथक कर दिया गया है।

# प्राचार्य ने 9 माह की गर्भवती व्याख्याता से की गाली गलौज, पेट में मारे घूंसे

## बलरामपुर जिले के बसकेपी स्कूल का मामला, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के बसकेपी स्कूल में प्राचार्य द्वारा गर्भवती शिक्षिका से मारपीट का मामला सामने आया है। प्राचार्य ने ना सिर्फ 9 माह की गर्भवती व्याख्याता के साथ गाली गलौज की बल्कि उसके पेट में भी घूंसे मारे। शिक्षिका के साथ इस तरह की अभद्रता और अमानवीय व्यवहार करने को लेकर अब शिक्षकों में आक्रोश है। महिला शिक्षिका ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है जिसपर गणेश मोड़ चौकी पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है जबकि घटना की निंदा करते हुए टीचर्स एसोसिएशन ने भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि श्रीमती अनिमा लकड़ा बलरामपुर जिले के बसकेपी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भूगोल के व्याख्याता के पद पर पदस्थ है। शिक्षिका का आरोप है कि 6 जनवरी को उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से एक दिन का आकस्मिक अवकाश लिया था और 7 जनवरी को वे सुबह 10 बजे से पहले ही स्कूल पहुंच गई थी लेकिन स्कूल के प्राचार्य मंगना राम ने जानबूझकर उन्हें उपस्थिति पंजी में अनुपस्थित दर्शा दिया और जब उन्होंने इसका कारण पूछा तो पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और सेवा पुस्तिका खराब कर जीवन बर्बाद करने की धमकी दी। आरोप है कि जब शिक्षिका ने इसका विरोध किया तो प्राचार्य मंगना राम ने उनके साथ गाली गलौज और मारपीट की, उनके चेहरे पर थप्पड़ मारे और पेट में घूंसे मारे जबकि शिक्षिका 9 माह की गर्भवती है। मारपीट से महिला व्याख्याता की तबीयत बिगड़ गई। इस पूरे मामले में शिक्षिका ने मामले की शिकायत गणेश मोड़ चौकी में की है जिसके बाद पुलिस ने आरोपी प्राचार्य मंगना राम के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की जांच चल रही है।

### टीचर्स एसोसिएशन ने की कार्रवाई की मांग

इस पूरी घटना के दौरान मौके पर अन्य शिक्षक भी मौजूद थे। एक गर्भवती शिक्षिका से मारपीट किए जाने का मामला सामने आने के बाद शिक्षकों में रोष का माहौल है। इस घटना को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने भी कड़ी निंदा की है। संघ के बलरामपुर जिला अध्यक्ष पवन सिंह के नेतृत्व शिक्षकों ने डीईओ को ज्ञापन सौंपा है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि प्राचार्य मंगना राम द्वारा गर्भवती व्याख्याता के साथ गाली गलौज और मारपीट कर मानवता को तार-तार किया है। 9 माह की गर्भवती महिला से ऐसा अमानवीय कृत्य क्षमा योग्य नहीं है। संघ ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषी प्राचार्य के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई और निलंबन की मांग की है ताकि भविष्य में जिले में इस तरह के कृत्य की पुनरावृत्ति न हो।



### की जाएगी कार्रवाई

इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है और जांच चल रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने पर विवेचना उपरान्त सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**-वैभव बैंकर**, एसपी बलरामपुर

### चल रही जांच

शिक्षिका से मारपीट के मामले में बीईओ को जांच के निर्देश दिए है। बीईओ की जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-मनीराम यादव**, डीईओ

## लापरवाही पर प्रधान पाठक निलंबित

# छात्र की मौत के बाद निर्माण एजेंसी व सरपंच सचिव के खिलाफ अपराध दर्ज



बंद शौचालय।



गांव में लोगों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

**खास बात**

- नम आंखों से दी गई मासूम को विदाई

निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र का छज्जा गिरने से छात्र की मौत के बाद क्षेत्र में रोष का माहौल है। मामले में निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत सरपंच सचिव के खिलाफ अपराध दर्ज किए जाने व कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिए जाने के बाद परिजन अंतिम संस्कार हेतु तैयार हुए जिसके बाद मृतक छात्र को नम आंखों से विदाई दी गई। वहीं इस मामले में स्कूल की प्राचार्य की प्रधान पाठक को भी निलंबित कर दिया गया है। हालांकि इस कार्रवाई के बाद भी परिजन में अंसतोष का माहौल है और उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि 8 जनवरी को विकासखंड त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम शारदापुर निवासी 12 वर्षीय कक्षा 6वीं का छात्र आलोक आ. रमेश देवांगन खुटहन पारा स्थित पूर्व माध्यमिक शाला में पढ़ाई करने गया था। इस दौरान मध्यान्ह भोजन में वह खेलने निकला था और खेलते खेलते छात्र स्कूल परिसर में बन रहे आंगनबाड़ी भवन की तरफ बाथरूम के लिए चला गया। इसी दौरान निर्माणाधीन भवन का छज्जा गिरने से छात्र की मौत हो गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मचा हुआ है और परिजन सदमे में है। गुरुवार को ही पुलिस ने पीएम उपरान्त छात्र का शव परिजन के सुपुर्द कर दिया था लेकिन घटना के बाद आक्रोशित परिजन अंतिम संस्कार को लेकर तैयार नहीं थे। ऐसे में अधिकारियों ने मृतक के परिजन व ग्रामीणों से मिलकर उन्हें समझाइश दी और कार्रवाई का आश्वासन दिया जिसके बाद परिजन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए। ग्रामीणों व परिजन ने छात्र को नम आंखों से विदाई दी। इधर इस मामले में त्रिकुंडा पुलिस ने आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य में लापरवाही पर निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव के खिलाफ बीएनएस की धारा 106(1) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### परिसर में चार चार शौचालय

इधर इस मामले में स्कूल शिक्षा विभाग ने भी कार्रवाई की है। संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता ने इस मामले में प्रधान पाठक श्रीमती ममता गुप्ता को निलंबित कर दिया गया है व अन्य शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। बड़ी बात यह है कि स्कूल परिसर में एक साथ 4-4 शौचालय थे लेकिन सभी में ताला लगा हुआ था। यदि शौचालय खुले होते और साफ़ सफाई होती तो बच्चे इसका उपयोग करते। इसके साथ ही स्कूल में अवकाश के दौरान बच्चों पर सहित तरीके से निगरानी नहीं की गई। कार्य में लापरवाही पर जेडी शिक्षा ने प्रधान पाठक ममता गुप्ता को निलंबित कर मुख्यालय बीईओ कार्यालय रामचंद्रपुर नियत किया है।

### बेहद घटिया निर्माण, कमीशन मांगने का आरोप

बड़ी बात यह है कि स्कूल परिसर में ग्राम पंचायत द्वारा आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण के दौरान बेहद ही गुणवत्ताहीन काम किया गया और बड़े पैमान पर लापरवाही की गई जिससे पूरा छज्जा ही नीचे गिर गया। ऐसे में शासकीय भवन निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को लेकर सवाल खड़े हो गए है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते निर्माण कार्य की जांच और सुरक्षा इंतजाम किए गए होते तो मासूम की जान बचाई जा सकती। वहीं अब निर्माण एजेंसी अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए अधिकारियों पर कमीशन मांगने के कारण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होने का आरोप लगा रहे है।

### की गई है कार्रवाई

इस मामले में पुलिस की ओर से निर्माण एजेंसी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। वहीं संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा ने इस मामले में प्रधान पाठक को निलंबित कर दिया है। इस मामले की जांच चल रही है।

**-मनीराम यादव**, डीईओ

# संदिग्ध परिस्थितियों में हुई ग्रामीण की मौत, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- परिजन कर रहे थे अंतिम संस्कार की तैयारी, पुलिस ने कराया शव का पीएम

घरेलू विवाद के बाद नाराज होकर घर से निकले 45 वर्षीय ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक नशे का आदी था और विवाद होने के बाद वो स्कूटी लेकर घर से बाहर निकला था। इस दौरान वो जैसे ही स्कूटी से नीचे उतरा सिर के बल गिर पड़ा और बेहोश हो गया। ग्रामीण को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीण की मौत के बाद परिजन उसके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे इसी बीच गांव वालों ने मृतक की हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दे दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर पीएम उपरान्त शव को परिजन के सुपुर्द किया। पुलिस अब इस संदिग्ध मौत की जांच कर रही है।

उक्त घटना ग्राम पंचायत गिरहुलडीह के बनई खालपारा की है जहां 45 वर्षीय बालमुकुंद कुजूर आ. स्व. जुगुल कुजूर 5 जनवरी की रात दस बजे जिला जशपुर के ग्राम महादेवडांड में रहने वाली अपनी प्रेमिका को अपने घर बुलाया था। बालमुकुंद पहले से शादीशुदा था लेकिन कुछ साल पहले उसकी पत्नी की मौत हो गई थी। बालमुकुंद के बुलावे पर उसकी प्रेमिका देर रात उसके घर पहुंची और दोनों पूरी रात एक साथ घर मे गुजारी। सुबह होते ही प्रेमिका को घर मे बुलाने पर बालमुकुंद की बहन और भाभी ने आपत्ति जताई जिसके बाद बालमुकुंद और उसकी प्रेमिका का बहन और भाभी से विवाद हो गया। बालमुकुंद की बहन और भाभी का कहना था कि पहले अपनी प्रेमिका से शादी कर लो फिर उसे अपनी पत्नी बनाकर घर ले आना।इस बात को लेकर हुए विवाद के बाद युवक नाराज होकर घर से स्कूटी निकाला और गांव की ओर चला गया। इसी बीच वो अपने घर से 5 सौ मीटर की दूरी पर अपने परिचित के पास पानी पीने के लिए रुका था और पानी पीने के लिए स्कूटी से नीचे उतरा तभी उसे चक्कर आया और वो सिर के बल नीचे गिर पड़ा और बेहोश हो गया। घरवालों को जैसे ही यह बात पता चली वो बेहोशी की हालत में उसे लेकर हॉस्पिटल पहुंचे जहां चिकित्सक ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सक द्वारा मृत घोषित करने के बाद शव लेकर गांव पहुंचे घरवाले उसकी अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे हुए थे तभी गांव वालों ने इस मौत को संदिग्ध मानते हुए पुलिस को खबर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए हॉस्पिटल भिजवाया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर घरवाले गांव पहुंचे और उसका अंतिम संस्कार किया। गांव वालों द्वारा मृतक की मौत पर शंका जताने के बाद पुलिस भी इसे संदिग्ध परिस्थितियों में मौत मानकर चल रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि इस मामले में धारा 302 के तहत अपराध दर्ज करते हुए पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक की मौके पर मौत

**अम्बिकापुर**। अनुसार झारखंड अंतर्गत गढ़वा निवासी विकास पासवान आ. भोला प्रसाद (30 वर्ष) शहर में रहकर ऑटो चलाने का काम करता था। आज दोपहर ऑटो लेकर बनारस रोड़ से शहर की ओर आ रहा था। जैसे ही ऑटो चालक चठिरमा के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ऑटो को टक्कर मार दी। अचानक ट्रक के टक्कर मारने से ऑटो चालक सड़क पर गिर गया जिससे ट्रक की चपेट में आने से चालक विकास पासवान की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगते ही गांधी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। परिजन के नहीं होने मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम नहीं किया गया और शव को मरच्यूरी कक्ष में रखा गया है।

# मिनी ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार एक किशोर की मौत, दूसरा गंभीर

**अम्बिकापुर**। दोस्त के साथ बिश्रामपुर की ओर से शहर आ रहे स्कूटी सवार को विपरीत दिशा से आ रहे मिनी ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी सवार एक किशोर की मौत हो गई जबकि दूसरे किशोर की हालत गंभीर बनी हुई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार एमजी रोड रावत रेसीडेंसी निवासी अर्जुन सिंह रावत आ. हर्ष सिंह (16 वर्ष) गुरुवार की दोपहर दोस्त रूद्रांश जायसवाल के साथ स्कूटी से विश्रामपुर की ओर गए थे। शाम को दोनों स्कूटी से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही कालीघाट पिलखा ढाबा के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईएच 8857 का चालक वाहन को लापरवाही पूर्वक व लहराते कर चलाते हुए स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में स्कूटी सवार दोनों किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही परिजन दोनों को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने अर्जुन की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन घायल हो लेकर बिलासपुर जाने लगे तभी रास्ते में किशोर ने दम तोड़ दिया। वहीं घायल रूद्रांश का निजी अस्पताल पर उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# हवाई सेवा फिर से शुरू करने कांग्रेस ने उड़ाए कागज के जहाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- शांतिपूर्ण विरोध के बाद सौंपा ज्ञापन, दी भविष्य में आंदोलन की चेतावनी




मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा में ठप हो चुकी विमानन सेवाओं को पुनः प्रारंभ कराने की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने दरिमा स्थित एयरपोर्ट पर विरोध प्रदर्शन कर एयरपोर्ट अधिकारियों को कागज का जहाज देकर आक्रोश व्यक्त किया।

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के निर्देश पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रतीकात्मक रूप से कागज का विमान सौंपकर शासन-प्रशासन की उदासीनता के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने कहा कि दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट का निर्माण वर्ष 2023 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लगभग 50 करोड़ की लागत से कराया था। इस एयरपोर्ट पर पूर्व उपमुख्यमंत्री के सकारात्मक प्रयासों के फलस्वरूप दिसंबर 2024 में व्यावसायिक विमान सेवा प्रारंभ हुई। कांग्रेस शासन काल मे 1950 में बने दरिमा एयरपोर्ट का जीर्णोद्धार कर इसे 72 सीटर विमान के परिचालन योग्य बनाया गया लेकिन यहां 72 सीटर विमान के बजाय 19 सीटर विमान का परिचालन शुरू हुआ जो लगातार अनियमित और बेहद महंगी विमान सेवा उपलब्ध करा रहा था। नियमित सेवा के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने रूट और विमानन क्षमता को लेकर कई सुझाव दिए थे लेकिन इनपर अमल नहीं होने के कारण अंततः दरिमा एयरपोर्ट पर प्रारंभ हुई विमान सेवा 6 माह में ही ठप पड़ गई। कांग्रेस नेताओं ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि मां महामाया एयरपोर्ट क्षेत्र की जनता के लिए आवागमन का एक महत्वपूर्ण साधन है लेकिन लंबे समय से उड़ान सेवाएं बंद रहने के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एयरपोर्ट की उपेक्षा से क्षेत्र के आर्थिक, सामाजिक और औद्योगिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि तत्काल प्रभाव से दरिमा एयरपोर्ट की विमानन सेवाएं बहाल की जाए ताकि सरगुजा अंचल को हवाई संपर्क का लाभ मिल सके। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस दौरान आलोक सिंह, रजनीश सिंह, उत्तम रजवाड़े, नीतीश चौरसिया, विकल झा, सतीश बारी, राजन सिंह, शिवराज सिंह, हिमांशु अग्रवाल, आकाश अग्रहरि, आकाश यादव, ऋषिकेष मिश्रा, संजर नवाज, लोलर सिंह, रजत पांडेय के साथ ही दरिमा ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नारद गुप्ता, उमाशंकर, परमेंद्र, संजू कश्यप, राम प्रकाश सिंह, नरेंद्र गुप्ता, राकेश सोनी, दीपक जायसवाल, रामप्रकाश सिंह,विनोद रजवाड़े, अंबिका दास सहित अन्य मौजूद थे।



**खबर संक्षेप**

## सड़क सुरक्षा माह में वृहद रक्तदान शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला पुलिस मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर 15 जनवरी को 220 बिस्तर सिविल हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ़ तथा 21 जनवरी को जिला चिकित्सालय चिरमिरी में आयोजित होगा। आयोजकों ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान दें। सभी रक्तदाताओं को सम्मान स्वरूप निश्चित उपहार प्रदान किया जाएगा।

## धान विक्रय के लिए 12 को स्लॉट बुकिंग

**अनूपपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते ने जानकारी दी है कि शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए कृषक द्वारा उपज विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग 12 एवं 13 जनवरी को भी की जा सकेगी एवं स्लॉट की वैधता अवधि 7 कार्य दिवस होगी। कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए धान उपार्जन सप्ताह में 5 दिवस सोमवार से शुक्रवार उपार्जन अवधि तक किया जाएगा।

## लंबे समय से अनुपस्थित कर्मियों को नोटिस

**अनूपपुर।** परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अनूपपुर द्वारा जिले के अंतर्गत कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती देवती गौड़ आंगनबाड़ी केन्द्र लमना टोला माह जुलाई 2025 से निरंतर एवं सहायिका श्रीमती इतवारिया आंगनबाड़ी केन्द्र डूमरकछार 2023 से निरंतर अनियमित उपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

## धमतरी में 10 से 24 तक थल सेना भर्ती रैली

**बैकुण्ठपुर।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 10 से 24 जनवरी तक बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब धमतरी में थल सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धमतरी अबिनाश मिश्रा ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। कोरिया जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने जानकारी दी है कि इस भर्ती रैली के लिए मई-जून 2025 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) आयोजित की गई थी, जिसमें उत्तीर्ण युवाओं के शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाएं अब निर्धारित तिथियों में कराई जाएंगी।

## सुरक्षा पखवाड़ा का समापन 18 को

**चरचा कॉलरी।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह आगामी 18 जनवरी को दोपहर 2 बजे से बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा माइन स्थित श्रमवीर स्टेडियम में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम खान सुरक्षा निदेशालय, रायपुर/जबलपुर, एसईसीएल तथा अन्य कोयला संस्थानों के संयुक्त तत्वाधान में संपन्न होगा। समारोह का उद्देश्य कोयला खदानों में कार्यरत श्रमिकों एवं अधिकारियों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता, सुरक्षित कार्य संस्कृति और दुर्घटना रहित कार्यस्थल को बढ़ावा देना है। समारोह में खान सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी, क्षेत्रीय प्रबंधन, श्रमिक प्रतिनिधि, क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति एवं कल्याण समिति के सदस्यगण सहित काफी संख्या में अतिथियों की उपस्थिति प्रस्तावित है।

## विभिन्न पदों पर नियुक्ति 15 तक

**मनेन्द्रगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली योजना का लाभ देने तथा हरित क्रांति की दिशा में सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के प्रथम एवं एकमात्र शासन से अधिकृत सोलर वेंडर बीएसपीएल सोलर एनर्जी सॉल्यूशंस द्वारा जिले में विभिन्न पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन 15 जनवरी निर्धारित की गई है।

### सीएमओ बोले- नए सिरे से कराए जाएंगे काम

# गौरव पथ जर्जर, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर-चरचा का गौरव पथ रोड इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। विकास और सुगम यातायात का प्रतीक माने जाने वाले इस मार्ग की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब यह आमजन के लिए सुविधा नहीं, बल्कि खतरा बन गया है।

सड़क पर जगह-जगह गड्ढे उखड़ी, गिट्टियां और टूटे हिस्से साफ तौर पर देखे जा सकते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग रोजाना स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, दुपहिया एवं चारपहिया वाहनों की आवाजाही का प्रमुख रास्ता है, लेकिन सड़क की खराब स्थिति के कारण आए दिन फिसलने, वाहन खराब होने और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। खासकर दुपहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरव पथ जैसी महत्वपूर्ण सड़क का इस तरह जर्जर होना नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। सड़क की सतह उखड़ चुकी है, जगह-जगह पैचवर्क भी अधूरा और अस्थायी



नजर आ रहा है, जिससे समस्या और बढ़ गई है। बारिश के मौसम में यहां हालात और भी भयावह हो सकते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद अब तक स्थायी मरम्मत या पुनः निर्माण नहीं किया गया। लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और मांग की जा रही है कि नगर पालिका इस ओर तत्काल ध्यान दे। नगरवासियों ने नगर पालिका शिवपुर-चरचा एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि गौरव पथ रोड की शीघ्र गुणवत्ता पूर्ण मरम्मत कराई जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लग सके और लोगों को राहत मिल सके। वहीं नगर पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस बार गौरव पथ रोड के निर्माण एवं मरम्मत कार्य में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान तकनीकी टीम द्वारा नियमित निगरानी की जाएगी तथा मानकों के अनुरूप कार्य नहीं होने की स्थिति में संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ठेकेदार की लापरवाही पर हुई कार्रवाई

नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा ने बताया कि गौरव पथ रोड की वर्तमान स्थिति को नगर पालिका ने गंभीरता से लिया है। सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्सों का तकनीकी निरीक्षण कराया जा चुका है तथा मरम्मत एवं नवीनीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार कर टेंडर भी पारित किया गया था, लेकिन ठेकेदारों की लापरवाही के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। इस पर नगर पालिका ने सख्त रूख अपनाते हुए संबंधित ठेकेदार का कार्यादेश निरस्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द पुनः टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा, ताकि आम जनता को राहत मिल सके और सड़क को सुरक्षित एवं सुगम बनाया जा सके। नगर पालिका के इस आश्वासन के बाद स्थानीय लोगों को जल्द सुधार कार्य शुरू होने की उम्मीद जगी है। अब नागरिकों की नजर इस बात पर टिकी है कि पुनः टेंडर के बाद कार्य कब धरातल पर उतरता है, जिससे गौरव पथ वास्तव में अपने नाम के अनुरूप बन सके।

# अवैध खनिज परिवहन करते 8 वाहन जब्त



**बैकुण्ठपुर।** जिले में अवैध खनिज परिवहन के विरूद्ध खनिज विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। नवपदस्थ जिला खनिज अधिकारी इंद्रलाल के पदभार ग्रहण करने के बाद अवैध खनिज परिवहन करने वालों के विरूद्ध धड़पकड़ अभियान शुरू कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि बुधवार को खनिज विभाग की टीम द्वारा तहसील पटना एवं बैकुंठपुर क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए कुल 8 वाहनों को जब्त किया गया। गश्त के दौरान इन वाहनों को अवैध रूप से गौण खनिज रेत एवं ईंट का परिवहन करते हुए पाया गया। कार्रवाई उपरांत सभी जब्त वाहनों को थाना पटना एवं थाना चरचा में अभिरक्षा में रखा गया है। जब्त किए गए एसीई, सोल्ड ट्रैक्टर वाहन मालिक सतीश यादव, सोनालिका ट्रैक्टर बिना नंबर वाहन मालिक जयप्रकाश साहू, आयशर ट्रैक्टर बिना नंबर वाहन मालिक इमरान अहमद, महिन्द्रा ट्रैक्टर बिना नंबर वाहन मालिक अवधेश, सोनालिका ट्रैक्टर बिना नंबर, वाहन मालिक जगतपाल, सोल्ड सोनालिका ट्रैक्टर वाहन मालिक सत्यनारायण, आयशर ट्रैक्टर बिना नंबर वाहन मालिक संतोष साहू, सोनालिका ट्रैक्टर बिना नंबर वाहन मालिक देवीदयाल है। इन वाहन मालिकों के विरूद्ध छग गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी इंद्रलाल ने बताया कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने के लिए नियमित निरीक्षण एवं नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

# कांग्रेस जिला सचिव रामा ने दिया इस्तीफा

**मनेन्द्रगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी में उस समय सियासी हलचल तेज हो गई जब जिला सचिव रामा यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव को भेजे इस्तीफे में रामा यादव ने संगठन के भीतर पक्षपात, चाटुकारिता और पार्टी विरोधी तत्वों को संरक्षण देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

- इस्तीफे में रामा ने संगठन के भीतर पक्षपात, चाटुकारिता और पार्टी विरोधी तत्वों को संरक्षण देने जैसे गंभीर आरोप लगाए

श्री यादव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वे वर्ष 2002 से छात्र राजनीति के माध्यम से कांग्रेस की विचारधारा से जुड़े रहे हैं। शीर्ष नेतृत्व के सहयोग से उन्होंने पार्टी और जनसेवा के लिए लगातार कार्य किया और वर्ष 2009 में सबसे कम उम्र में नगर पंचायत चुनाव लड़ने का अवसर प्राप्त किया। उन्होंने कांकेर, जगदलपुर कोटा, चिरमिरी पद यात्राओं के साथ-साथ ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा में 280 किमी की पदयात्रा कर सक्रिय भूमिका निभाई। पार्टी आंदोलनों के दौरान एक माह जेल में रहने का भी उल्लेख उन्होंने किया। इस्तीफे में यादव ने लिखा है कि इतने वर्षों के संघर्ष के बावजूद उन पर कभी कोई आरोप



नहीं लगा और उन्होंने हमेशा गुटबाजी से दूर रहकर संगठन को एकजुट रखने का प्रयास किया। यही कारण रहा कि नगरीय निकाय चुनाव में पुराने साथियों ने एकजुट होकर उनका साथ दिया, लेकिन अब कुछ लोग पार्टी की एकता तोड़ने और खुलेआम पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं, जिन्हें कथित तौर पर बड़े नेताओं का संरक्षण मिल रहा है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर ग्राम साल्ही स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में किया गया, जिसका उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं जागरूक बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें नोनी सुरक्षा योजना, महतारी जतन योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, सक्षम योजना, बाल गृह एवं बालिका गृह से जुड़ी सुविधाएं शामिल रहीं। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, साइबर अपराध से बचाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930, तथा जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड एवं बाल कल्याण समिति की भूमिका और कार्यप्रणाली की जानकारी भी विस्तारपूर्वक दी गई।

# नाली निर्माण कार्य का नपाध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

**मनेन्द्रगढ़।** नगर के समग्र विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ द्वारा प्रेम लॉज नाली का भूमि पूजन विधिवत रूप से संपन्न किया गया। यह कार्य क्षेत्र में जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान एवं स्वच्छ, सुव्यवस्थित नगर निर्माण की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है। प्रेम लॉज क्षेत्र की नाली लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी, जिससे नागरिकों को असुविधा हो रही थी। इस निर्माण कार्य से न केवल समस्या का समाधान होगा, बल्कि क्षेत्र की स्वच्छता और सुंदरता में भी वृद्धि होगी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष



धर्मेन्द्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव की उपस्थिति रही। वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद श्रीमती कृतिका रवि जैन सहित समस्त पार्षदगण अनिल प्रजापति, दयाशंकर यादव, स्वप्निल सिन्हा, सुनयना विश्वकर्मा, सुशीला सिंह, शाहिद भैया, ओमप्रकाश जायसवाल, इमरान खान, जमील शाह, किरण कुजूर, गिरधर जायसवाल, माया सोनकर, सापन महतो ने इस विकास कार्य के लिए नगरवासियों को बधाई दी। भूमि पूजन कार्यक्रम में नगर पालिका के इंजीनियर ईआर विकास कुमार मिश्रा एवं अजय पैकरा उपस्थित रहे। जिन्होंने निर्माण की तकनीकी जानकारी साझा की और समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य का आश्वासन दिया। इस शुभ अवसर पर अशोक डब्बू, रवि जैन, राहुल शर्मा, टिंगू सोनी सहित गणमान्य नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया।

# जीरामजी जनजागरण अभियान के लिए जिला एवं मंडल टोली घोषित

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी छग के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव के निर्देशानुसार वीबीजी रामजी जनजागरण अभियान के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी द्वारा जिला स्तरीय टोली एवं मंडल स्तरीय टोली की घोषणा किया गया है।



जिला स्तरीय टोली में जिला संयोजक कपिल जायसवाल, सह संयोजक ईश्वर राजवाड़े, तीरथ राजवाडे, जगनारायण साहू को बनाया गया है। इसी कड़ी में मंडल स्तरीय टोली के लिए बैकुंठपुर मंडल में संयोजक रमन गुप्ता, सदस्य रवि त्रिपाठी, संतोष राजवाड़े, हरिओम साहू, चरचा मंडल में संयोजक अमित कुमार, सदस्य कुंडल साय, संजय देवांगन, राजनपाल, हसलाल कुर्रे सलका मंडल में संयोजक हसलाल कुर्रे, सदस्य रामाशंकर सिंह, रामसुंदर राजवाडे, शिव प्रसाद, कुड़ेली मंडल में संयोजक संतोष साहू, सदस्य अनिल साहू, बसंत सिंह, जगदीश जायसवाल, पटना मंडल में संयोजक सचिदानंद द्विवेदी, सदस्य सुनील सिंह, संतोष सिंह, सूरज राजवाड़े, बचरापोड़ी मंडल में संयोजक रामप्रताप साहू, सदस्य श्यामनारायण जायसवाल, राम कुमार यादव, लक्ष्मी यादव एवं सोनहत महल में संयोजक सुरेश राजवाड़े, सदस्य सुरेश तिवारी, अनिल जायसवाल, राजेश साहू को बनाया गया है।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि विकसित भारत जीरामजी बिल के राज्य स्तर पर क्रियान्वयन की रूपरेखा स्पष्ट होगी। यह योजना न केवल रोजगार बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई गति प्रदान करेगी। भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता से प्रदेश विकसित भारत के सपने में महत्वपूर्ण योगदान देगा, जिससे हर गांव समृद्ध और हर हाथ को काम मिलेगा। यह कदम ग्रामीण जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा और देश को 2047 तक विकसित राष्ट बनाने की दिशा में मजबूत आधार प्रदान करेगा।

## रेडक्रॉस सोसायटी के नए कार्यालय का शुभारंभ

**मनेन्द्रगढ़।** मानवता की सेवा और समाज के जरूरतमंद वर्गों तक सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से रेडक्रॉस सोसायटी ने मनेन्द्रगढ़ जिले में अपने नए कार्यालय की शुरूआत कर एक नया अध्याय जोड़ा है। जिले के 220 बिस्तर अस्पताल परिसर में स्थापित इस कार्यालय का उद्घाटन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट द्वारा फीता काटकर एवं हस्ताक्षर कर औपचारिक रूप से किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे तथा जिले में सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन शैलेश जैन ने बताया कि मनेन्द्रगढ़ नया जिला होने के कारण अब तक सोसायटी के पास कोई स्थायी कार्यालय नहीं था। नए कार्यालय के शुभारंभ से अब संगठन अपनी सेवाओं को व्यवस्थित और प्रभावी ढंग से प्रत्येक क्षेत्र तक पहुंचा सकेगा। उन्होंने कहा कि स्थायी कार्यालय के माध्यम से अब हमारी गतिविधियों में निरंतरता आएगी। और समाज के हर जरूरतमंद तक सहायता पहुंचाना अधिक सहज होगा।

# लाखों खर्च के बाद भी सार्वजनिक शौचालय में ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर में लाखों रूपए खर्च कर निर्मित सार्वजनिक शौचालय भवन में निर्माण होने के बाद से ताला लटका है, तो उसे खोलने की दिशा में पंचायत प्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहे हैं इससे सुविधा का लाभ क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बरबसपुर में तीन-चार वर्ष पूर्व लाखों की लागत से बाजारपारा में सर्वसुविधायुक्त शौचालय का निर्माण कार्य कराया गया। शौचालय भवन निर्माण कार्य पूरा होने के बाद से उस पर ताला लगाया तो वह ताला आज तक शौचालय भवन के ग्रिल में लटक ही रहा है। सुविधा का लाभ दिलाने की दिशा में पंचायत प्रतिनिधि की उदासीनता के कारण ही सामुदायिक

### क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल रहीं सुविधाएं



बंद सार्वजनिक शौचालय।

शौचालय का ताला अब तक कई वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं खुल पाया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम बरबसपुर क्षेत्र का बड़ा बाजार स्थल है, जहां काफी संख्या में लोग प्रतिदिन दैनिक जरूरतों के लिए पहुंचते हैं, इसके अलावा बाजार दिवस भी काफी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के लोग पहुंचते हैं, जिन्हें लाखों की लागत से निर्मित शौचालय सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों को चाहिए कि जनहित के इस मामले पर गंभीरता से विचार कर तत्काल शौचालय में बंद ताले को खुलवाने की दिशा में ध्यान दे।

कई पंचायतों में ऐसा ही हाल- कोरिया जिले के पंचायत क्षेत्रों में लाखों रूपए खर्च कर सामुदायिक शौचालय सह दुकान का निर्माण कराया गया है, लेकिन ज्यादातर जगहों पर निर्मित सामुदायिक शौचालय भवन में ताला लटका रहता है, वहीं साथ में बने दुकान को भी जरूरतमंदों को आवंटित नहीं किया गया है, इसके कारण लाखों खर्च कर निर्मित सामुदायिक शौचालय सह दुकान किसी काम के नहीं केवल पंचायत क्षेत्र में शो पीस बने हुए हैं। पंचायत प्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण ही लाखों का सामुदायिक शौचालय सह दुकान पंचायत क्षेत्रों में बंद पड़े हैं।

## गंभीर अपराधों में 9.5 प्रतिशत की गिरावट

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एमसीबी पुलिस ने एक और उपलब्धि दर्ज की है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा के कुशल मार्गदर्शन और पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के सशक्त नेतृत्व में वर्ष 2025 के दौरान अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए गए अभियानों का सकारात्मक असर साफ तौर पर देखने को मिला है। जारी वार्षिक अपराध ऑकड़ों के अनुसार साल 2023 की तुलना में 2025 में कुल अपराधों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक 2023 में कुल अपराधः 2251, 2025 में कुल अपराध 1525, यह गिरावट प्रभावी विवेचना, मजबूत बीट सिस्टम, सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई का प्रत्यक्ष परिणाम मानी जा रही है। हत्या 2024 में 21 और 2025 में 14 मामले, हत्या का प्रयास 2023 में 15 और 2025 में 5 प्रकरण, सड़क दुर्घटनाओं में मौतः 106 से सीधे 87, पुलिस की तत्परता से ना सिर्फ अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित हुई बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई है। जिले में अवैध शराब, जुआ-सट्टा और अन्य गैर कानूनी गतिविधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाए गए। नाकाबंदी, पेट्रोलिंग और आकस्मिक वाहन जांच से असामाजिक तत्वों में कानून का भय बढ़ा है। वर्ष 2025 में 21 पीड़ितों की 73,100 रूपए की राशि होल्ड कराई गई। 547 यातायात और साइबर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से 66 हजार से अधिक नागरिकों को जागरूक किया गया।

### टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

# मोबाइल से ऑनलाइन हाजिरी पर शिक्षकों में असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मोबाइल एप से शिक्षकों की उपस्थिति लेने के आदेश से उत्पन्न स्थिति को लेकर छग टीचर्स एसोसिएशन के कोरिया जिला पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन स्कूल शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव सहित संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के नाम जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया विनोद राय को सौंपा।

छग टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि विद्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति लेने के लिए



डीईओ को ज्ञापन सौंपते टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी

सीजी व्हीएसके से शिक्षकों की उपस्थिति लेना व्यवहारिक नहीं है। इससे शिक्षकों के निजता एवं वित्तीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय है। इस पर छग टीचर्स एसोसिएशन ने निजी मोबाइल से उपस्थिति लेने के आदेश पर आपत्ति जताई। एसोसिएशन के पदाशिकारियों का कहना है कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करना है तो विद्यालयों में बायोमेट्रिक मशीन एवं स्थाई इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराया जाना चाहिए। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसोसिएशन का मानना है कि शिक्षक किसी भी सुधारात्मक व्यवस्था के विरोधी नहीं लेकिन बिना वित्तीय सुरक्षा और बिना विश्वास के थोपी गई व्यवस्था स्वीकार नहीं। एसोसिएशन की मांग है कि प्रत्येक विद्यालय में बायोमेट्रिक मशीन एवं इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाए व शासकीय कार्यो के लिए प्रत्येक विद्यालय को एक लेपटॉप प्रदान किया जाए। इस अवसर पर छग टीचर्स एसोसिएशन के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## निजी मोबाइल से हाजिरी ऐप का विरोध

**सोनहत।** निजी मोबाइल फोन से शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज कराने की व्यवस्था (हाजिरी ऐप) के विरोध में छग सहायक/समग्र शिक्षक फेडरेशन कोरिया द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष विश्वास भगत, सोनहत ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश मारिक, कार्यकारी अध्यक्ष महेन्द्र राजवाड़े, उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, विनोद मिश्रा, बैकुंठपुर ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश एक्का, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र सिंह, परम सिंह सहित दोनों विकासखंडों के काफी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने निजी मोबाइल से हाजिरी ऐप के उपयोग में आ रही विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं से अवगत कराते हुए इसका शीघ्र निराकरण करने की मांग की। शिक्षकों का कहना है कि निजी संसाधनों पर कार्य का अतिरिक्त बोझ डाला जाना उचित नहीं है।

## जिले में आधार सेवाओं में तेजी

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने की। बैठक में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के प्रतिनिधि सौरभ रामटेक तथा सरगुजा संभाग समन्वयक (आधार एवं चिप्स रायपुर) रूबल पाण्डेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती नम्रता डोंगरे, विनायक शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी शामिल हुए। जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक में हैदराबाद से आए यूआईडीएआई प्रतिनिधि सौरभ रामटेक ने जानकारी दी कि सरगुजा संभाग में यह आधार निगरानी समिति की पहली बैठक है। बैठक के दौरान जिले में आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्यों की प्रगति, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण तथा आम नागरिकों को आधार सेवाएं और अधिक सुगम, सरल एवं सुलभ बनाने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। कलेक्टर ने कहा कि आधार आज लगभग सभी शासकीय योजनाओं, छात्रवृत्ति, बैंकिंग, पेंशन, शिक्षा एवं पहचान से जुड़ी एक अनिवार्य कड़ी बन चुका है, इसलिए जिले में किसी भी नागरिक को आधार के अभाव में किसी भी सुविधा से वंचित नहीं रहना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष, गुप्ता को मिली जिले की कमान

**राजपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव की सहमति उपरांत प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कण्डेय ने भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस नई कार्यकारिणी में संगठन को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी सूची के अनुसार मुन्ना लाल चौधरी को भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं संगठनात्मक अनुभव सक्रियता और जनसंपर्क को देखते हुए मुकेश गुप्ता को भाजपा किसान मोर्चा बलरामपुर जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा से कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उल्लेखनीय है कि मुन्ना लाल चौधरी बीते कई वर्षों से किसान मोर्चा में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे दो बार बलरामपुर जिले की कमान संभाल चुके हैं और सरगुजा संभाग स्तर पर किसान मोर्चा को एक सशक्त पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वहीं मुकेश गुप्ता जनपद सदस्य से लेकर सांसद प्रतिनिधि, भाजपा जिला मंत्री जैसे विभिन्न दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।




### विद्यालय में बच्चों को किया गया गर्म कपड़ों का वितरण



**अंबिकापुर।** मधेशिया हलवाई समाज द्वारा गंगापुर स्थित मंदबुद्धि विद्यालय में बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। प्रदेश अध्यक्ष रमेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में 31 बच्चियों को कपड़े वितरित किए गए। इस दौरान पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भोला प्रसाद गुप्ता, पूर्व प्रदेश महामंत्री दिनेश गुप्ता, पूर्व प्रदेश कोषाध्यक्ष रामस्वरूप गुप्ता, प्रदेश के महामंत्री सुरेश गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष नेपाल गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, सरगुजा जिला अध्यक्ष राजन गुप्ता, कोषाध्यक्ष विनोद गुप्ता, सूरजपुर जिला अध्यक्ष हल्दघर गुप्ता, महिला संगठन से श्रीमती कलावती गुप्ता, श्रीमती संतोषी गुप्ता, श्रीमती रीना गुप्ता, श्रीमती सुमन गुप्ता, श्रीमती शशि गुप्ता, कुमारी आस्था गुप्ता, कुमारी ईशानी गुप्ता तथा स्कूल प्रबंधन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### गुरु घासीदास वार्ड में निर्माण कार्यों का किया गया भूमिपूजन



**अंबिकापुर।** निगम क्षेत्र के गुरु घासीदास वार्ड में शुक्रवार को लाखों की लागत से बनने वाले नाली का भूमिपूजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव एवं ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने किया। गुरु घासीदास वार्ड के सहेली गली नाली के अभाव और गंदे पानी के जमाव से स्थानीय नागरिक परेशान थे। वार्ड के नवनिर्वाचित युवा पार्षद शुभम जायसवाल के प्रयासों से यहां लगभग साढ़े चार लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण का कार्य स्वीकृति हुआ है जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। भूमिपूजन के इस कार्यक्रम में पूर्व पार्षद श्रीमती गीता श्रीवास्तव, श्रीमती उमा राजवाड़े, श्रीकांत सिन्हा, बबलु सिन्हा, अमित सिन्हा, कृष्ण मुरारी शर्मा, रितेश यादव, मुकेश गुप्ता, अतुल ताम्रकार, विनय, सूरज राजवाड़े, प्रिंसी इमाल्या, अंकुश साहू, आर्यमन ताम्रकार सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद थे।

## निधन

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार दिनांक 11 जनवरी को छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.सजय कुमार अग्रवाल, दर्द एवं जोड़ विशेषज्ञ डॉ. बी मिंज, किडनी विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार एवी, रक्त विशेषज्ञ डॉ.निहार गुप्ता, ब्रेन, स्पाईन एवं एडोस्कोपिक न्यूरो सर्जन डॉ.महावीर सिंह जौहरी संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु एवं परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



### वीडियो बना किया वायरल, जटादह जलाशय के समीप काट दिए कई पेड़

# ग्राम पंचायत बसेरा खुर्द के जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई से लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

इन दिनों रामचंद्रपुर अंतर्गत क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसेरा खुर्द जंगल में बड़ी संख्या में अवैध रूप से पेड़ों का काटा जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से लकड़ी तस्करों के हौसले बुलंद है। यह क्षेत्र जटादह जलाशय के समीप स्थित है जबकि जटादह जलाशय को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की मांग क्षेत्र के ग्रामीण लंबे समय से कर रहे। बावजूद इसके जलाशय के आसपास स्थित पेड़ों की अवैध रूप से कटाई कर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इधर ग्रामीणों ने अवैध रूप से पेड़ों की कटाई करने से न सिर्फ आक्रोशित है बल्कि वन विभाग से दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**खास बात**

- पर्यटन स्थल के रूप में जाना जाता है जटादह जलाशय

जनपद पंचायत रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बसेरा खुर्द के जंगलों में साल के पेड़ों की बड़े पैमाने पर अवैध कटाई का मामला सामने आया है। यह क्षेत्र जटादह जलाशय के समीप स्थित है, जो नवाडीह–डिंडो मुख्य सड़क से मात्र 100 से 200 मीटर की दूरी पर है। ग्रामीणों के अनुसार धमनी रेंज के अंतर्गत आने वाले इस वन क्षेत्र में अब तक 50 से अधिक साल के पेड़ काटे जा चुके हैं। हैरानी की बात यह है कि यह इलाका न तो दुर्गम है और न ही वन विभाग की नियमित गश्त से बाहर, इसके बावजूद लंबे समय से संगठित तरीके से अवैध कटाई की जा रही थी। ग्रामीणों का आरोप है कि पेड़ों की कटाई के लिए आरा और आधुनिक मशीनों का खुलेआम इस्तेमाल किया गया, लेकिन संबंधित विभाग को इसकी जानकारी नहीं हुई या फिर जानबूझकर अनदेखी की गई। इससे वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



जटादह जलाशय।



काटेगए पेड़।

#### वीडियो बनाकर किया वायरल

प्राकृतिक सौंदर्य और हरियाली के लिए प्रसिद्ध जटादह जलाशय क्षेत्र नए वर्ष और छुट्टियों के दौरान पर्यटकों व पिकनिक मनाने वालों की पसंदीदा जगह है। हाल ही में यहां सैकड़ों की संख्या में पर्यटक पहुंचे थे। इस दौरान लोगों ने जंगल में कटे हुए पेड़ों को देखा और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद मामला सुर्खियों में आया।

#### ग्रामीणों ने की संरक्षण और विकास मांग

ग्रामीणों ने जटादह जलाशय क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करते हुए सख्त सुरक्षा व्यवस्था करने तथा पेड़ों की अवैध कटाई करने पर अंकुश लगाने तथा जटादह जलाशय आने वाले पर्यटकों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र की विकास किए जाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जलाशय के समीप पेड़ के होने के हरियाली बनी रहती है।

#### प्राकृतिक संतुलन पर खतरा

स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही अवैध कटाई से क्षेत्र का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। जंगल धीरे-धीरे उजड़ते जा रहे हैं और यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में यह क्षेत्र अपनी पहचान खो सकता है। साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान हो सकता है।

#### की जाएगी कार्रवाई

पेड़ों की कटाई की सूचना मिलते ही मौके पर जांच के लिए वन अमला भेजा जा रहा है। जांच के पश्चात दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।
-अजय वर्मा, रेंजर धमनी रेंज



फीता काट कर उद्घाटन करते अतिथि।

## जिपं अध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष ने नया ट्रांसफार्मर का फीता काट किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

विकासखंड कुसमी अंतर्गत करकली शक्ति केंद्र बूथ की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी की उपस्थिति में हुई। बैठक में भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित ग्रामीण शामिल हुए।

बैठक में ग्रामीणों ने उपस्थित सभी अतिथियों से आजादी के 79 वर्ष बाद ठेंगुर पानी बस्ती में ट्रांसफार्मर लगाए जाने पर खुशी का इजहार किया। जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष अशोक सोनी ने नया लगाए गए ट्रांसफार्मर की फीता काटकर ग्राम में बिजली चालू की गई। कार्यक्रम में हिरामुनी निकुंज, अशोक सोनी, माधुरी लकड़ा, राकेश भारती, मुरारी सोनी, दिलीप गुप्ता ने ग्रामीणों को करकली शक्ति केंद्र अंतर्गत ठेंगुर पानी में एसआईआर के तहत बैठक लेकर सभी बातों को नियमानुसार विस्तृत रूप से बताया। मुख्य अतिथि हिरामुनी निकुंज ने कहा कि आज प्रधान मंत्री जन मन योजना के तहत सभी जगह सड़क, बिजली, पानी स्कूल भवन बनाया जा रहा है जिससे भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी सपना साकार होता हुआ नजर आ रहा है। आदिवासी सुदूर अंचल के दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी, स्कूल भवन सहित अनेकों प्रकार के लाभ भाजपा सरकार द्वारा पहुंचाए जा रहे है, जरूरत है उससे लाभ लेकर आगे बढ़ने की।

उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण कार्य में आप सभी लोग अपना अपना नाम जुड़वाने तथा बाहरी लोगों का नाम कटवाए। इस दौरान कृष्ण मुरारी सोनी, पारस पाल, इन्द्रदेव निकुंज, विवेक कश्यप, दुलारचंद कश्यप, प्रभु राम, जीवंती तिर्की, मानमति सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई नाबालिग छात्रा का रोका गया विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



कलेक्टर के निर्देश एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन में जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु जिला बाल संरक्षण इकाई, पुलिस एवं चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम द्वारा सतत निगरानी और कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को सूचना मिला कि कक्षा 12वीं में अध्ययनरत एक नाबालिग छात्रा का विवाह उसके परिजनों द्वारा किए जाने की तैयारी चल रही है। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम संबंधित गांव पहुंची। प्रारंभिक पूछताछ में परिजन द्वारा विवाह की जानकारी छिपाई गई, किंतु बालिका का पृथक कथन लेने पर यह सामने आया कि उसके विवाह को लेकर बातचीत हो चुकी है और लड़का भी तय कर लिया गया है। हालांकि तिथि निर्धारित नहीं हुई थी, लेकिन मुहूर्त आने पर विवाह कराने की योजना थी। जांच में यह भी पता चला कि बालिका कक्षा 12 वीं की छात्रा है और वह पिछले चार माह से स्कूल नहीं जा रही है। साथ ही उसने मुख्य परीक्षा का फार्म भी नहीं भरा है, जिससे वह इस वर्ष की परीक्षा से वंचित हो गई है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा बालिका के माता-पिता एवं परिजन को समझाइश दी गई कि बालिका की शिक्षा प्राथमिकता है और 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने से पहले विवाह करना कानूनी अपराध है। परिजन ने स्वीकार किया कि बालिका के स्कूल जाना बंद करने के कारण ही विवाह का निर्णय लिया गया था, लेकिन अब वे 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही विवाह कराने पर सहमत हुए। इस संबंध में पंचनामा तैयार किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रावधानों और बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। कार्रवाई में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, अंजली साहू, पर्यवेक्षक दीपा बैरागी, चाइल्डलाइन से प्रकाश राजवाड़े, दिनेश यादव, आरती राजवाड़े, रीता सिंह, पुलिस चौकी बसदेई से आरक्षक अशोक सिंह एवं अलका टोप्पो के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## छह माह से बंद पड़ी बलरामपुर खदान को पुनः शुरु करने की मांग पर एचएमएस ने किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



सीटीओ के अभाव में गत एक अगस्त से बंद पड़ी एसईसीएल बिश्रामपुर की बलरामपुर खदान को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर शुक्रवार 9 जनवरी को कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) ने महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा,आज शुक्रवार को एचएमएस के इस धरना प्रदर्शन में इंटक और सीटू यूनियन का साथ मिला जबकि बीएमएस और एटक ने इस प्रदर्शन से अपनी दूरी बनाए रखी,एचएमएस के महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि यदि धरना प्रदर्शन के बाद भी प्रबंधन द्वारा उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया,तो संगठन द्वारा 16 जनवरी से क्रमिक भूख हड़ताल तथा 23 जनवरी से आमरण अनशन शुरू किया जाएगा।

महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ने बताया कि बलरामपुर खदान को घाटे में चलने तथा सीटीओ (कंसेंट टू ऑपरेट) के नवीनीकरण नहीं होने का हवाला देकर पिछले करीब छह माह से बंद रखा गया है,जबकि उक्त खदान में लगभग 30 लाख टन कोयले का भंडार मौजूद है,उन्होंने आरोप लगाया कि प्रबंधन ने जानबूझकर खदान को डूबने की स्थिति में छोड़ दिया है,खदान बंद होने से कुमदा क्षेत्र की दोनों खदानों से जुड़े करीब 500 से अधिक कामगारों पर अन्यत्र तबादले का खतरा मंडरा रहा है,साथ ही खदानों के बंद रहने से स्थानीय बाजार एवं व्यवसाय पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है,एचएमएस ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बलरामपुर खदान को पुनः चालू नहीं किया गया,तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

#### कुम्दा बलरामपुर की दो खदानों को प्राइवेट ऑपरेटर को सौंपने की तैयारी

बताया जाता है कि कुमदा सहक्षेत्र में दो खदान स्थित है उक्त 90 की दशक की दोनों भूमिगत खदान वर्तमान में सीटीओ के आभाव में बंद पड़ी है। कुमदा 7-8 खदान पिछले करीब 8 माह से जबकि बलरामपुर 10-12 खदान पिछले 6 माह से बंद पड़ी हुई है,दोनों खदान बंद होने से अब वहां लगातार जल भराव की स्थिति निर्मित हो रही है,बताया जाता है कि दोनों खदान अधिक घाटे में चलने के कारण कंपनी का उच्च प्रबंधन खदान को पुनः शुरू करने की रुचि नहीं ले रहा और अब खबर सामने आ रही है कि दोनों खदानों को एमडीओ मोड में निजी ऑपरेटर को देने प्रस्ताव तैयार कर इसके स्वीकृति का प्रयास किया जा रहा है जिससे श्रम संगठनों में खलबली मची हुई है,बता दें कि दोनों खदान में 6 सौ से अधिक मैन पवार हैं जिन पर दूसरे क्षेत्रों के तबादले किये जाने की बात सामने आ रही है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. / /ब-121-/24-25-26

-: ईश्तहार :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मुनेश्वर केरकेट्टा पिता किलु केरकेट्टा निवासी ग्राम महेशपुर के द्वारा जन्म /मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1969 के धारा 13(3) एवं छ.ग. जन्म / मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 09 (3) के अन्तर्गत अपने दादा स्व.भउच्चा केरकेट्टा पिता स्व.पिला केरकेट्टा का मृत्यु दिनांक 15/10/2011 को ग्राम महेशपुर में होना बतलाते हुये उनके जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बावत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
दरिमा
सरगुजा (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

TOP IN SURGUJA

आपके शहर अम्बिकापुर में सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (OBS & GYN)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
|9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
स्त्री रोग से संबंधित सभी समस्याएं व उपचार
- गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- प्रसूति (नार्मल वाम सिजेरियन) बांझपन का जाँच एवं ऑपरेशन
- बच्चेदानी निकालने का ऑपरेशन (चीरा रहित एवं दूरबीन पद्धति द्वारा)
- मोनोपॉज (रजोनिवृत्ति संबंधित बीमारियों का इलाज)
- मासिक संबंधित बीमारियों का इलाज
- स्तन की गांठ, कैंसर का ऑपरेशन
- बच्चेदानी के कैंसर का ईलाज

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
उपलब्ध सुविधाएं
दिनांक 19 दिसंबर 2025 दिन - शुक्रवार
- पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना
- गुर्दे व पेशाब के नली में पथरी।
- प्रोस्टेट बढ़ जाना।
- पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
- किडनी, पेशाब थैली, अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
डॉ.राहुल कपूर (Laparoscopy Uresurgeon)
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500 7240802000
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जांच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 03 जनवरी, 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

**कार्यालय तहसीलदार, उदयपुर जिला सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 20260/020400031/अ -21/2025-26
ग्राम - उदयपुर, प.ह.नं. 11, उदयपुर

:: ईश्तहार ::

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेश्याम जायसवाल आ. स्व. राजनरायण जायसवाल, निवासी ग्राम उदयपुर, तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.) द्वारा ग्राम-उदयपुर, प.ह.न. 11, स्थित स्वत्व व आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 229/43 रकबा 0. 040 हे. भूमि को अनावेदक/क्रेता विकास कुमार कश्यप आ. प्रमोद कश्यप, जाति कहार निवासी ग्राम उदयपुर, थाना व तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.) एवं सार्थक सोनी पिता स्व. राजेन्द्र प्रसाद सोनी, जाति सोनार, निवासी ग्राम हिन्दूपारा, कुदरबसवार, भकुरमा तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) को विक्रय करने की अनुमति आवेदन कलेक्टर महोदय, सरगुजा के समक्ष आवेदन मय शपथ पत्र, बी-1 व अन्य दस्तावेज सहित प्रस्तुत है। जिसमें पूर्व निर्धारित बिन्दुओं पर नियमानुसार जांच कर बिन्दुवार भेजे जाने हेतु इस इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेषी तिथि 27/01/2026 के पूर्व इस न्यायालय में दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरान्त किसी भी प्रकार का दावा / आपत्ति प्राप्त होने पर विचार नहीं किया जावे।

आज दिनांक 09/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा द्वारा जारी।।

तहसीलदार
उदयपुर
जिला सरगुजा

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं बबलु राम पिता जीतू राम उम्र लगभग 30 वर्ष जाति भुईहर निवासी ग्राम गोपीनगर ग्राम पंचायत गोपीनगर थाना व तहसील कुसमी जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड में लल्लू राम (LALLU RAM) दर्ज है। जबकी मेरे अंक सुची में नाम बबलु राम (BABALU RAM) है जो दर्ज कराना है। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिपूर्वक लल्लू राम (LALLU RAM) दर्ज हो गया है। जो सही नाम बबलु राम (BABALU RAM) है। तथा आधार कार्ड में दर्ज लल्लू राम नाम को हटाकार बबलु राम दर्ज कराना चाहता हूं।

मैं यह शपथ पत्र छ.ग. राज्य में क्षेत्रीय मुद्रालय राजनंदगांव में नाम सुधार के लिए राजपत्र में शामील होने के लिए कर रहा हूं।

भवदीय
बबलु राम
आ. जीतू राम
निवासी-ग्राम गोपीनगर ग्राम पंचायत गोपीनगर थाना व तहसील कुसमी जिला बलरामपुर रा.गंज (छ.ग.)

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा,जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.भुवन शर्मा MD,DM (Neurology)
सुप्रसिद्ध पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.संजय कुमार अग्रवाल MBBS,MD Medicine (Delhi) DM (Gestro)BHU Varanashi
सुप्रसिद्ध दर्द एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ.बी.मिंज MBBS,MD,FIPM(Fellowship in pain Management) Interventional Pain Physician
सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ.विनय कुमार ए.वी. MBBS,MD (General Medicine) DM (Nephrology)
सुप्रसिद्ध रक्त रोग विशेषज्ञ डॉ.निहार गुप्ता MD,Hematologist & BMT Physician
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल-II
रानी तालाब के सामने,जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
सुप्रसिद्ध ब्रेन एवं स्पाइन सर्जन,एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन विशेषज्ञ डॉ.महावीर सिंह जौहरी MBBS,MS,DNB (Hyderabad) FEN (Jabalpur),CNETS AIIMS (Delhi)
11 जनवरी 2026, माह के दूसरे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती,सर्जरी,उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

